कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0 प्र0
संख्या– 11/01/सी–2/2017–18
इलाहाबाद : दिनांक : 19 दिसम्बर, 2017

प्रेस–विज्ञप्ति

सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष चयन) (मुख्य) परीक्षा–2015 विज्ञापन संख्या– ए–4/ई–1/2015 दिनांक 03–09–2015 जिसकी लिखित परीक्षा दिनांक 24 अप्रैल, 2016 को आयोग द्वारा इलाहाबाद एवं लखनऊ केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी, में कुल 010610 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। उक्त परीक्षा के फलस्वरूप सामान्य चयन के 616 रिक्ति तथा विशेष चयन के 19 रिक्ति, कुल 635 रिक्तियों के सापेक्ष विभिन्न ग्रुपों के मध्य उभयनिष्ठ अभ्यर्थी होने के कारण वास्तविक रूप से 2113 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया है। साक्षात्कार दिनांक 04 जनवरी, 2018 से निर्धारित है, जिसकी विस्तृत सूचना तिथिवार/अनुक्रमांकवार पृथक से निर्गत की जायेगी। परीक्षाफल आयोग कार्यालय के सूचना पट्ट पर सर्व साधारण के अवलोकनार्थ चस्पा कर दिया गया है। उक्त परीक्षाफल लोक सेवा आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर भी उपलब्ध है। उक्त परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्तांक, कट ऑफ अंक इत्यादि की सूचनायें अन्तिम परिणाम घोषित होने के बाद ही दी जा सकेगी । अतः इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(जगदीश)
सचिव।